अशोक कुमार ने किया जयपुर स्थित निगम के कार्यालयों का दौरा

नवज्योति, जयपुर। कर्मचारी राज्य बीमा निगम, मुख्यालय नई दिल्ली के महानिदेशक अशोक कुमार सिंह ने बुधवार को जयपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय तथा निगम के अस्पताल एवं चिकित्सा महाविद्यालय जयपुर का दौरा किया। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर (श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार) के जनसंपर्क अधिकारी एस. के. पाण्डेय ने बताया कि क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी मनोज कुमार साव ने महानिदेशक का स्वागत किया। इस अवसर पर मनोज कुमार, डॉ. राजेश चेतीवाल डीन तथा निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने बीमित व्यक्तियों एवं

उनके आश्रितजनों को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल के डीन तथा अन्य चिकित्साधिकारी एवं गैर-चिकित्साधिकारियों को उत्तम चिकित्सा सुविधा प्रदान करने तथा लोक शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने निगम की अति महत्वाकांक्षी योजना स्प्री 2025 के ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार कर निगम के सामाजिक सुरक्षा के दायरे को विस्तृत करने का आह्वान किया, जिससे अपंजीकृत कार्मिकों को पंजीकृत करके उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभप्रदान किया जा सके। उन्होंने क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर परिसर में पौधरोपण कर सभी को स्वस्थ बने रहने के लिए प्रेरित किया।